कार्यालय प्राचार्य
शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सड्डू
रायपुर छ.ग.

क्रमांक–औप्रस / राय / प्रशि / मेह.प्रव. / 2024 / / रायपुर दिनॉक

## प्रेस विज्ञप्ति

नोडल संस्था, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सड्डू रायपुर छ.ग. के अंतर्गत रायपुर जिले की विभिन्न शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में संचालित व्यवसायों / विषयों के प्रशिक्षण कार्य पूर्ण कराये जाने हेतु प्रशिक्षण अधिकारियों के स्वीकृत पद के रिक्त पदों (कार्यरत नियमित प्रशिक्षण अधिकारी / संविदा प्रशिक्षण अधिकारी / मेहमान प्रवक्ता को छोड़कर शेष रिक्त पद) के विरूद्ध प्रशिक्षण सत्र 2024–25 हेतु मेहमान प्रवक्ता (गेस्ट लेक्चरर) के लिए आवेदन पत्र हार्ड कापी में **दिनांकः–12 / 02 / 2024 समय–शाम 5 बजे तक पंजीकृत / स्पीड पोस्ट द्वारा शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सड्डू रायपुर छत्तीसगढ़** में जमा किये जा सकते हैं एवंदिये गये लिंक पर **(https://bit.ly/itiGuestFaculty)** या **क्यूआर कोड को स्कैन** कर चाही गई जानकारी प्रदान करना अनिवार्य है। विज्ञापन में संलग्न हार्ड कापी में आवेदन प्राप्त न होने के स्थिति में ऑनलाईन आवेदन स्वतः ही अमान्य हो जायेगा।

पदों की जानकारी शैक्षणिक / तकनीकी योग्यताएं, निर्धारित मापदण्ड निम्नानुसार है–

**1. पदों की जानकारीः–**

| क्र. | जिला नोडल संस्था का नाम | औ.प्र.सं. का नाम | व्यवसाय / विषय का नाम | कुल पदों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था रायपुर (छ.ग.) | औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सड्डू, रायपुर | स्टेनोग्राफर सेक्रेटेरियल असिस्टेंट (हिन्दी) | 01 |
| | | | कारपेंटर | 01 |
| | | | मोटर मैकेनिक व्हीकल | 01 |
| | | | टर्नर | 01 |
| | | | विद्युतकार | 01 |
| | | | स्टेनोग्राफर सेक्रेटेरियल असिस्टेंट (अंग्रेजी) | 02 |
| 2 | | औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था आरंग | फिटर | 01 |
| 3 | | दाऊ चन्द्रभानसिंह सिरमौर, औ.प्र.सं, तिल्दा–नेवरा | वर्कशॉप केलकुलेशन एवं इंजीनियरिंग ड्राइंग | 1 |

प्राचार्य
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था
सड्डू, रायपुर (छ.ग.)



Scanned with CamScanner

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 4 | | औ.प्र.संस्था माना कैम्प, रायपुर | फिटर | 1 |
| | | | मैकेनिक डीजल | 1 |
| | | | विद्युतकार | 1 |
| | | | टर्नर | 1 |
| | | | स्टेनो अंग्रेजी | 1 |
| | | | वेल्डर | 2 |
| | | | वर्कशॉप केलकुलेशन एवं इंजीनियरिंग ड्राइंग | 1 |
| 5 | | औ.प्र.संस्था तोरला | कम्प्यूटर ऑपरेटर एण्ड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट | 1 |
| 6 | | औ.प्र.संस्था खोरपा | कम्प्यूटर ऑपरेटर एण्ड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट | 1 |
| | | | **कुल पदों की संख्या** | **19** |

**2. शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता :–**

| क्र. | व्यवसाय का नाम | शैक्षणिक /तकनीकी योग्यता |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1. | मोटर मेकेनिक व्हीकल/ मेकेनिक डीजल | 1. मान्यता प्राप्त बोर्ड से हाई स्कूल अथवा पुरानीपद्धति से 11 वीं अथवा समतुल्य परीक्षा उत्तीर्ण ।<br>2. अभ्यर्थी, संबंधित ट्रेड में राष्ट्रीय व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद्से राष्ट्रीय व्यवसाय प्रमाणपत्र/राष्ट्रीय शिक्षुता प्रशिक्षण परिषद से राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाणपत्र/राज्य व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद् से राज्य व्यवसाय प्रमाण पत्र एवं राष्ट्रीय शिक्षुता प्रशिक्षण परिषद से राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाणपत्र/मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या बोर्ड से मेकेनिकल/ऑटो मोबाईल इंजीनियरिंग या समतुल्य संकाय में उपाधि/पत्रोपाधि उत्तीर्ण।<br>3. हल्के मोटरयान (एलएमव्ही) का वैध लायसेंस अनिवार्य है। |
| 2 | विद्युतकार | 1. मान्यता प्राप्त बोर्ड से हाई स्कूल अथवा पुरानी पद्धती से11 वीं अथवा समतुल्य परीक्षा उत्तीर्ण ।<br>2. अभ्यर्थी, संबंधित ट्रेड में राष्ट्रीय व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद् से राष्ट्रीय व्यवसाय प्रमाणपत्र/राष्ट्रीय शिक्षुता प्रशिक्षण परिषद से राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाणपत्र/राज्य व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद् से राज्य व्यवसाय प्रमाण पत्र एवं राष्ट्रीय शिक्षुता प्रशिक्षण परिषद से राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाणपत्र/मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या बोर्ड से इलेक्ट्रीकल इंजीनियरिंग या समतुल्य संकाय में उपाधि/पत्रोपाधि उत्तीर्ण। |



प्राचार्य
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था
उड़ह, रायपुर (छ.ग.)

Scanned with CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| 3 | कारपेंटर/ वेल्डर | 1. मान्यता प्राप्त बोर्ड से हाई स्कूल अथवा पुरानीपद्धति से 11 वींअथवा समतुल्य परीक्षा उत्तीर्ण ।<br>2. अभ्यर्थी, संबंधित ट्रेड में राष्ट्रीय व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद् से राष्ट्रीय व्यवसाय प्रमाण पत्र/राष्ट्रीय शिक्षुता प्रशिक्षण परिषद से राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाणपत्र/राज्य व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद् से राज्य व्यवसाय प्रमाण पत्र एवं राष्ट्रीय शिक्षुता प्रशिक्षण परिषद से राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाणपत्र/मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या बोर्ड से मैकेनिकल/प्रोडक्शन एवं मैनुफैक्चरिंग इंजीनियरिंग या समतुल्य संकाय में उपाधि/पत्रोपाधि उत्तीर्ण। |
| 4 | वर्कशॉप केलकुलेशन एवं इंजीनियरिंग ड्राइंग | 1. मान्यता प्राप्त बोर्ड से हाई स्कूल अथवा पुरानीपद्धति से 11 वीं अथवा समतुल्य परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2. अभ्यर्थी, संबंधित ट्रेड में राष्ट्रीय व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद् से राष्ट्रीय व्यवसाय प्रमाणपत्र/राष्ट्रीय शिक्षुता प्रशिक्षण परिषद से राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाणपत्र/राज्य व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद् से राज्य व्यवसाय प्रमाण पत्र एवं राष्ट्रीय शिक्षुता प्रशिक्षण परिषद से राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाणपत्र/मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या बोर्ड से मेकेनिकल इंजीनियरिंग में उपाधि/पत्रोपाधि उत्तीर्ण। |
| 5 | कम्प्यूटर ऑपरेटर एण्ड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट | 1. मान्यता प्राप्त बोर्ड से हाई स्कूल अथवा पुरानी पद्धति से 11 वीं अथवा समतुल्य परीक्षा उत्तीर्ण ।<br>2. अभ्यर्थी, संबंधित ट्रेड में राष्ट्रीय व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद से राष्ट्रीय व्यवसाय प्रमाण पत्र/राष्ट्रीय शिक्षुता प्रशिक्षण परिषद से राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाणपत्र/राज्य व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद् से राज्य व्यवसाय प्रमाण पत्र एवं राष्ट्रीय शिक्षुता प्रशिक्षण परिषद से राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाणपत्र/मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या बोर्ड से कम्प्यूटर साईंस इंजीनियरिंग या समतुल्य संकाय में उपाधि/पत्रोपाधि उत्तीर्ण अथवा डीओई (डीओईएसीसी) से "ए" स्तर का प्रमाणपत्र या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/बोर्ड से बीसीए/पीजीडीसीए। |
| 6 | स्टेनोग्राफर सेक्रेटेरियल असिस्टेंट (हिन्दी/ अंग्रेजी) | 1. किसी मान्यता प्राप्त मंडल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण, अथवा पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2. किसी मान्यता प्राप्त मंडल/संस्था/शीघ्रलेखन (शार्टहैण्ड) मुद्रलेखन परिषद से :–<br>(क) शीघ्रलेखक सेक्रेटेरियल असिस्टेंट (हिन्दी) के लिए– हिन्दी शीघ्रलेखन (शार्टहैण्ड) प्रमाणपत्र परीक्षा उत्तीर्ण एवं शीघ्रलेखन (शार्टहैण्ड) में 100 शब्द प्रति मिनट की गति (गति के लिए कौशल परीक्षा ली जायेगी) ।<br>(ख) शीघ्रलेखक सेकेटेरियल असिस्टेंट (अंग्रेजी) के लिए– अंग्रेजी शीघ्रलेखन (शार्टहैण्ड) प्रमाणपत्र परीक्षा उत्तीर्ण एवं शीघ्रलेखन (शार्टहैण्ड) में 100 शब्द प्रति मिनट की गति (गति के लिए कौशल परीक्षा ली जायेगी)।<br>(ग) द्विभाषी शीघ्रलेखक के लिए– ऊपर खण्ड (क) तथा (ख) में विनिर्दिष्ट अनुसार हिन्दी एवं अंग्रेजी शीघ्रलेखन (शार्टहैण्ड) पाठ्यक्रम प्रमाणपत्र उत्तीर्ण तथा शीघ्रलेखन (शार्टहैण्ड) में 100 शब्द प्रति मिनट की गति (गति के लिए कौशल परीक्षा ली जाएगी)<br>3 किसी मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एन्ट्री ऑपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाण पत्र तथा डाटा एन्ट्री की 10,000 की (ड्ममल) डिप्रेशन प्रति घंटे की गति (गति के लिए कौशल परीक्षा ली जायेगी)।<br>टीपः–शीघ्रलेखक सेक्रेटेरियल असिस्टेंट (हिन्दी)/अंग्रेजी में प्राप्त आवेदनों में 100 शब्द प्रति मिनट की गति वाले अभ्यर्थी उपलब्ध न हो तो संयुक्त संचालक स्वयं के स्तर पर निर्णय लेकर 80 शब्द प्रति मिनट वाले अभ्यर्थियो पर विचार किया जा सकेगा। |

प्राचार्य
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था
उरला, रायपुर (छ.ग.)



Scanned with CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| 7 | फिटर/टर्नर | 1. मान्यता प्राप्त बोर्ड से हाई स्कूल अथवा पुरानी पद्धति से 11 वीं अथवा समतुल्य परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2. अभ्यर्थी, संबंधित ट्रेड में राष्ट्रीय व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद् से राष्ट्रीय व्यवसाय प्रमाण पत्र/राष्ट्रीय शिक्षुता प्रशिक्षण परिषद से राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाणपत्र/राज्य व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद् से राज्य व्यवसाय प्रमाण पत्र एवं राष्ट्रीय शिक्षुता प्रशिक्षण परिषद से राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाणपत्र/मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या बोर्ड से मेकेनिकल/प्रोडक्शन एवं मेनुफैक्चरिंग इंजीनियरिंग या समतुल्य संकाय में उपाधि/पत्रोपाधि उत्तीर्ण। |

टीपः–इंजीनियरिंग शाखाओं की समतुल्यता/समकक्षता का निर्धारण प्रचलित विभागीय भर्ती नियम " छत्तीसगढ़ औद्योगिक प्रशिक्षण(अराजपत्रित)तृतीय श्रेणी भर्ती नियम 15 मई 2019 के अनुसार किया जावेगा।

1. (अ) चयन प्रक्रिया नियम एवं शर्तें :–

1. प्रचलित सेवा भर्ती नियम में उल्लेखित तकनीकी योग्यता के प्राप्तांको के मेरिट के आधार पर चयन सूची तैयार की जावेगीअनुभव आवश्यक नहीं है।
2. प्रचलित सेवा भर्ती नियम में जिन पदो के लिए सी.टी.आई./ए.टी.आई. आवश्यक है उन पदो के लिए एक वर्षीय सी.टी.आई./ए.टी.आई. उत्तीर्ण प्रमाण पत्र धारी अभ्यर्थियों के तकनीकी योग्यता के प्राप्तांको के आधार पर मेरिट सूची तैयार कर चयन किया जायेगा। सी.टी.आई./ए.टी.आई. उत्तीर्ण प्रमाण पत्र धारी अभ्यर्थी उपलब्ध न होने की स्थिति में निर्धारित तकनीकी योग्यता धारी आवेदको के चयन की कार्यवाही उनके तकनीकी योग्यता के प्राप्तांको के आधार पर मेरिट सूची तैयार कर की जावेगी।
3. तकनीकी व्यवसायों के लिए आवेदकों की तकनीकी योग्यता के प्रमाण–पत्र के प्राप्तांकों के आधार पर मेरिट अंकों की गणना कर चयन की कार्यवाही की जावेगी। मेरिट अंकों की गणना में ए.टी.आई./सी.टी.आई./एन. वी.टी. आई./आर.वी.टी.आई./आई.टॉट. के प्राप्तांकों को शामिल नहीं किया जावेगा ।
4. तकनीकी व्यवसायों (स्टेनोग्रॉफर एण्ड सेक्रेटेरियल असिस्टेंट –हिन्दी/अंग्रेजी को छोड़कर) के लिए ऐसे आवेदक जो राज्य व्यवसायिक प्रमाण–पत्र परीक्षा एवं राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाण–पत्र परीक्षा उत्तीर्ण हैं। उन आवेदकों के मेरिट की गणना उनके राज्य व्यवसायिक परीक्षा प्रमाण–पत्र के प्राप्तांकों के आधार पर नहीं परंतु उनके राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाण पत्र के प्राप्तांको के आधार पर की जावेगी ।
5. व्यवसाय– मैकेनिक मोटर व्हीकल/मैकेनिक डीजल/ड्रायवर–कम–मैकेनिक के लिए हल्के मोटर यान (LMV)का वैद्य स्थायी लाईसेंस की स्वप्रमाणित छायाप्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न न किये जाने की स्थिति में आवेदन अमान्य कर दिया जावेगा।
6. मेहमान प्रवक्ताओ को आवश्यकतानुसार या अधिकतम एक प्रशिक्षण सत्र हेतु आंमत्रित किया जावेगा ।
7. मेहमान प्रवक्ता द्वारा दिया जा रहा प्रशिक्षण कार्य संतोषप्रद नही होने अथवा आचरण संतोषजनक नही होने की स्थिति में उसे सुनवाई का अवसर देते हुए स्पष्ट कारण दर्शाते हुए उसे प्रशिक्षण में जारी रखने अथवा पृथक करने का निर्णय संबंधित प्राचार्य/संस्थाप्रमुख द्वारा लिया जा सकेगा।
8. शासन द्वारा नियमित/स्थानांतरित/संविदा पदस्थापना किये जाने की स्थिति में उन पदो पर आंमत्रित मेहमान प्रवक्ताओ की सेवाऐं स्वतः समाप्त हो जायेंगी।



प्राचार्य
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था
[illegible], रायपुर (छ.ग.)

Scanned with CamScanner

9. मेहमान प्रवक्ता आंमत्रित करने की प्रकिया के दौरान शासन द्वारा नियमित/स्थानान्तरित/संविदा पर पदस्थापना होने की स्थिति में उस पद के विरूद्ध मेहमान प्रवक्ता आमंत्रित करने की प्रकिया स्वतः समाप्त हो जायेगी।

10. यदि किसी आवेदक को मेहमान प्रवक्ता के रूप में एक से अधिक संस्थाओ/व्यवसायो/विषय के लिये आंमत्रित किया जाता है, तो किसी एक स्थान पर उपस्थित होने में उक्त आवेदक का शेष अन्य संस्थाओ/व्यवसायो/विषय पर चयन स्वयं निरस्त माना जायेगा।

11. पृथक–पृथक संस्थाओ/व्यवसायो/विषय के लिये पृथक–पृथक आवेदन जमा करना होगा।

12. मेहमान प्रवक्ताओं को प्रशिक्षण कार्य के लिए प्रति घंटा रू.125/– (रूपये एक सौ पच्चीस) मात्र की दर से प्रति कार्य दिवस अधिकतम 5 घंटे के मानदेय का प्रावधान है प्रति माह अधिकतम रू.13000/– (रूपये तेरह हजाररूपये ) मात्र मानदेय होगा। जो कि समय–समय पर शासन द्वारा जारी दर के अनुसार परिवर्तनीय होगा।

13. आवेदकों को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना अनिवार्य है।

14. पदों की संख्या में आवश्यकतानुसार कमी या बढ़ोत्तरी अथवा समाप्त की जा सकेगी।

15. व्यवसाय– स्टेनोग्राफर एण्ड सेक्रेटेरियल असिस्टेंट (हिन्दी/अंग्रेजी) में प्राप्त आवेदनों में शीघ्रलेखन में 100 शब्द प्रति मिनट की गति वाले अभ्यर्थी उपलब्ध न हो, तो 80 शब्द प्रति मिनट की गति परीक्षा उत्तीर्ण योग्यता वाले अभ्यर्थियों पर विचार किया जा सकेगा।

16. मेहमान प्रवक्ता के रूप में चयन उपरांत यदि वह निर्धारित की गयी अवधि तक कर्तव्य पर उपस्थित नहीं होता है तो उसका चयन निरस्त माना जाकर प्रतीक्षा सूची के सरल कमांक –01 को अवसर दिया जायेगा। इसी कम से प्रतीक्षा सूची के अन्य आवेदको को अवसर दिया जायेगा।

(ब)चयन प्रक्रिया नियम एवं शर्तें :–

1. आवदेन दिनांक 12/02/2024 समय– शाम 5 बजे तक पंजीकृत/स्पीड पोस्ट द्वारा आवेदन पत्र **प्राचार्य, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सड्डू रायपुर (छ0ग0) पिन कोड– 492014** में जमा किये जा सकते है। अंतिम तिथि (समय– शाम 5 ) के पश्चात् प्राप्त आवेदनों को स्वीकार नहीं किये जावेंगे। लिफाफे के उपर आवेदित संस्था एवं व्यवसाय का नाम का उल्लेख करना आवश्यक है।
2. आवेदन की अंतिम तिथि को आवेदक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष से कम नहीं होना चाहिए।
3. वांछित प्रमाण पत्रों की स्व–सत्यापित छायाप्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य है। आवेदन पत्र के साथ संलग्न शपथ पत्र को सादे कागज में प्रस्तुत किया जाना है।
4. आवेदन केवल प्राचार्य, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था रायपुर (छ0ग0) पिन कोड– 492014 को ही किया जाना है। अन्य संस्था में जमा किये गये आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेगें।
5. अपूर्ण, अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्र अमान्य कर दिए जाएंगे तथा इस संबंध में आवेदकों को सूचना नहीं दी जाएगी।
6. ऐसे आवेदन जिनमें स्वयं का फोटोग्राफ एवं आवश्यक प्रमाण पत्रों जिसके आधार पर आवेदन प्रस्तुत किया गया है की संलग्न छायाप्रतियां स्वप्रमाणित नहीं पाये जाने पर आवेदन को निरस्त /अमान्य किया जावेगा ।
7. आवेदन पत्र एवं शपथ पत्र में आवेदक के हस्ताक्षर नहीं पाये जाने पर आवेदन को मान्य नहीं किया जायेगा।
8. किसी आवेदक के विरूद्व अपराधिक अथवा दाण्डिक प्रकरण की जानकारी मिलने पर तत्काल प्रशिक्षण कार्य से पृथक कर दिया जायेगा।



प्राचार्य
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था
सड्डू, रायपुर (छ.ग.)

Scanned with CamScanner

9. आवेदन पत्र पर एक से अधिक व्यवसाय/विषय अथवा एक से अधिक संस्था का नाम अंकित होने पर आवेदन को मान्य नही किया जावेगा।

10. जिस व्यवसाय हेतु आवेदन आमंत्रित किये गये हैं उस व्यवसाय से संबंधित दस्तावेज संलग्न न होने पर चयन में प्राथमिकता नहीं दी जायेगी।

11. जिस व्यवसाय हेतु आवेदन आमंत्रित किये गये हैं उस व्यवसाय में शिक्षुता परीक्षा उत्तीर्ण का प्रमाण पत्र संलग्न नहीं होने पर मेरिट अंको की गणना आवेदकों की तकनीकी योग्यता के प्राप्तांकों के आधार पर की जावेगी।

12. चयन सूची संस्था के सूचना पटल पर प्रदर्शित की जावेगी। दूरभाष द्वारा सूचना के आधार पर आमंत्रण स्वीकारते हुए प्रशिक्षण कार्य संपन्न कराना होगा आवेदन पत्र में आवेदक अपना मोबाईल नम्बर सही एवं स्पष्ट भरें। दिए गए मोबाईल नम्बर पर संपर्क ना हो पाने की स्थिति में आवेदक स्वयं जिम्मेदार होंगे।

13. **समिति का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।**

प्राचार्य/नोडल अधिकारी
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था
रायपुर (छ0ग0)



प्राचार्य
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था
रायपुर (छ.ग.)

Scanned with CamScanner

# मेहमान प्रवक्ता हेतु आवेदन पत्र

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था का नाम.........................................................
(जहां के लिये आवेदन प्रस्तुत कर रहे है)
व्यवसाय/विषय का नाम ................................................

प्रति,

प्राचार्य
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था,
सड्डू, जिला–रायपुर (छ.ग.)
पिन कोड़– 492014

1. आवेदक का नाम : ..........................................................................................
2. पिता/पति का नाम : .....................................................................................
3. माता का नाम : ............................................................................................
4. जन्मतिथि (अंकों में) : ....................................................................................
(शब्दों में) : ....................................................................................
5. दूरभाष/मोबाईल नंबर : (1) ..................................................(2)..................................................
6. स्थाई पता : ....................................................................................................
7. सी.टी.आई./ए.टी.आई. उत्तीर्ण हां ☐ नहीं ☐
8. हल्के मोटरयान (एल.एम.व्ही) का वैध लाइसेंस हां ☐ नहीं ☐
(केवल मैकेनिक मोटर व्हीकल/मैकेनिक डीजल के लिए)
9. शैक्षणिक / तकनीकी योग्यता का विवरण :

| क. | परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | बोर्ड/विवि का नाम | व्यवसाय/विषय | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

टीपः–1. पृथक–पृथक संस्था/व्यवसाय/विषय के लिये पृथक–पृथक आवेदन पत्र प्रस्तुत किया जावे।
2. सभी आवश्यक दस्तावेज अनिवार्यतः संलग्न करें।
3. सभी दस्तावेज स्वप्रमाणित है हां ☐ नहीं ☐
4. उपरोक्त जानकारी मेरे द्वारा प्रस्तुत की जा रही है एवं मैं सहमत हूं।

आवेदक का हस्ताक्षर

नाम : ..........................................................................



Scanned with CamScanner

## //शपथ पत्र//

1. मैं संचालनालय, रोजगार एवं प्रशिक्षण, रायपुर, छत्तीसगढ़ द्वारा निर्धारित किये गये एवं समय–समय पर संशोधित/लागू मानदेय प्राप्त करूंगा/करूंगी।
2. मेहमान प्रवक्ता का आमंत्रण आवश्यकतानुसार या अधिकतम एक प्रशिक्षण सत्र के लिये रहेगा तथा मैं कभी नियमित/संविदा पद हेतु दावा नही करूंगा/करूंगी।
3. शासन द्वारा नियमित/स्थानांतरित/संविदा पदस्थापना किये जाने पर मेरी सेवाएं (मेहमान प्रवक्ता) स्वतः समाप्त हो जायेंगी।
4. मैं संस्था में प्राचार्य/अधीक्षक/संस्था प्रमुख के निर्देशानुसार कार्य करूंगा/करूंगी।
5. मैं एक से अधिक संस्था/व्यवसाय/विषय में चयनित होने की स्थिति में एक ही संस्था/व्यवसाय/विषय में प्रशिक्षण कार्य हेतु उपस्थित हो जाऊंगा/जाउंगी। दूसरे संस्था/व्यवसाय/विषय के लिये चयन स्वयमेव निरस्त हो जावेगा।
6. मेरे विरूद्व किसी भी अपराधिक प्रकरण में संलिप्तता की जानकारी प्राप्त होने पर प्रशिक्षण कार्य से मुक्त कर दिया जायेगा।

संलग्न :–

1. निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति ☐
2. दसवीं की अंकसूची की छायाप्रति ☐
3. बारहवीं की अंकसूची की छायाप्रति ☐
4. तकनीकी योग्यता की छायाप्रति

   आईटीआई ☐ डिप्लोमा ☐ बीई/बीटेक ☐ एनएसी ☐
5. उपाधि/पत्रोपाधि की छायाप्रति ☐
6. लाइसेंस की छायाप्रति ☐

मेरे द्वारा उपरोक्त प्रस्तुत की गई जानकारी एवं प्रस्तुत सभी प्रमाण पत्र सही है। प्रस्तुत प्रमाण पत्र एवं जानकारी गलत पाये जाने कि स्थिती में समस्त कार्यवाही के लिये मैं स्वयं जिम्मेदार रहूंगा/रहूंगी।

आवेदक का हस्ताक्षर

नाम : ..............................................................

पता: ..............................................................

..............................................................



Scanned with CamScanner